संदिग्ध परिस्थिति में किशोर की मौत

परिजनों के घर लौटने पर कमरे में मिला शव, दाह संस्कार से पहले पुलिस ने कब्जे में लिया शव



गोपीगंज। थाना क्षेत्र के अमवा गांव की सरोज बस्ती में मंगलवार की रात में 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिवार में कोहराम मच गया। किशोर का शव घर के एक कमरे में खिड़की से गमछे के सहारे लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दाह संस्कार से पहले शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, अमवा गांव की सरोज बस्ती निवासी शंभूनाथ सरोज का 17 वर्षीय पुत्र अमित सरोज अपने परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि घटना के समय परिवार के लोग और पट्टीदार गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूसरे गांव गए हुए थे। घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान किशोर ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। वह किस समय कमरे में गया और घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। बताया जाता है कि शाम करीब सात बजे जब परिजन घर लौटे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किशोर की मां अनीता देवी ने दरवाजा खुलवाने के लिए आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अंधेरा होने के कारण टॉर्च की रोशनी में दरवाजे की स्थिति देखने के बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। किशोर खिड़की में गमछे के सहारे लटका हुआ था। परिजन उसे तत्काल नीचे उतारकर देखने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन आनन-फानन में शव को अंतिम संस्कार के लिए जहांगीराबाद घाट ले गए। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दाह संस्कार से पहले ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि मृतक दो भाइयों में बड़ा था और उसकी एक बहन भी है, जो अभी अविवाहित है। उसके माता-पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। जवान बेटे की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

लंबित आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश

ज्ञानपुर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित बैंकर्स और वेंडर्स के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैंक पोर्टल पर लंबित आवेदनों का तत्काल निस्तारण करने और ऋण स्वीकृत लाभार्थियों के घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों को समय से योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी संबंधित विभागों, बैंकों और वेंडर्स के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने बैंकर्स को अपने-अपने पोर्टल पर लंबित आवेदनों और अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि लाभार्थियों को ऋण और अन्य जरूरी सुविधाएं समय से मिल सकें।

आगामी परीक्षाओं को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर जोर

ज्ञानपुर। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में बुधवार को एनआईसी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षार्थियों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नकल अथवा अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ किया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और नकलविहीन बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

दुर्गा पूजा पंडालों तक जाने वाले रास्ते बदहाल

खमरिया। दुर्गा पूजा और दशहरा के मद्देनजर नगर पंचायत खमरिया में सफाई व्यवस्था और सड़कों की स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि नगर के कई हिस्सों में समुचित साफ-सफाई नहीं कराई गई है। वहीं, दुर्गा पूजा पंडालों तक पहुंचने वाले मार्गों पर गंदगी, टूटे रास्ते और सड़क के गड्ढे श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा सकते हैं। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक, त्योहारों के दौरान नगर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में नगर पंचायत प्रशासन को पहले से ही सफाई अभियान चलाने, नालियों की सफाई कराने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत पर ध्यान देना चाहिए था। लोगों का कहना है कि समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गईं तो पर्व के दौरान आवागमन में दिक्कत हो सकती है। नगर की स्थिति को लेकर नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों की मांग है कि नगर के सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित कराई जाए और खराब रास्तों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाए। नगरवासियों ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है।



एक से ३० नवंबर तक लगेगा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान के तहत जिले में एक से 30 नवंबर तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इसके माध्यम से पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा मिलेगी। अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में बैठक हुई। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में लोक भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित बैठक में अभियान के संचालन के संबंध में निर्देश दिए गए। इसके बाद जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की। निर्देश दिया गया कि निर्धारित अवधि में संबंधित कार्यालयों पर विशेष शिविर आयोजित कर पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो। जिले के पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर अपनी सुविधानुसार विभिन्न माध्यमों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकेंगे। इसके लिए जनसेवा केंद्र के माध्यम से जीवन प्रमाण पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा मोबाइल या कंप्यूटर पर आवश्यक एप डाउनलोड कर, डोरस्टेप बैंकिंग एप, पोस्टइन्फो एप और उमंग एप के जरिए भी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध है। पेंशनर संबंधित कोषागार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भौतिक रूप से भी जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

१७ और २४ अक्तूबर को सभी मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष कैंप, मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे नाम

ज्ञानपुर। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र नागरिकों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को पंजीकरण का अवसर देने के लिए जिले में 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। दोनों दिन जिले के सभी मतदेय स्थलों पर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक कैंप आयोजित होंगे। यहां बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहकर पात्र नागरिकों को फार्म-6 उपलब्ध कराएंगे और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विधानसभा क्षेत्र 392-भदोही, 393-ज्ञानपुर और 394-औराई (अजा) की निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम शामिल किए जाएंगे। विशेष रूप से पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को अभियान का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विशेष कैंप के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। यहां मतदाताओं को आवेदन भरने में सहायता मिलेगी। बीएलओ के पास फार्म-6 के साथ 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली और उसके बाद जारी पूरक सूचियां भी उपलब्ध रहेंगी। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ग्राम प्रधानों, सभासदों और स्वयंसेवकों से भी सहयोग मांगा गया है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के इच्छुक नागरिक अद्यतन फोटो, जन्मतिथि और निवास से संबंधित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां लेकर कैंप में पहुंचें। परिवार के किसी सदस्य के मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) की संख्या उपलब्ध होने पर उसे भी साथ रखें।

विधि-विधान से पूजी गयी रोग-शोक विनाशिनी माता कुष्मांडा

कांवल। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को माता दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली। भक्तों ने मां से परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। माता कूष्मांडा के स्वरूप और महिमा के बारे में बताते हुए विनय कुमार मिश्र ने कहा कि अपनी मंद मुस्कान से अंड अर्थात ब्रह्मांड की रचना करने के कारण देवी का नाम कूष्मांडा पड़ा। मान्यता है कि जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था और चारों ओर अंधकार व्याप्त था, तब देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्मांड की रचना की। इसी कारण उन्हें सृष्टि की आदिस्वरूपा और आदिशक्ति कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मां कूष्मांडा की आठ भुजाएं हैं, इसलिए उन्हें अष्टभुजा भी कहा जाता है। उनके सात हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल पुष्प, अमृत से भरा कलश, चक्र और गदा सुशोभित हैं, जबकि आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को प्रदान करने वाली जपमाला रहती है। सिंह उनका वाहन है। देवी का वास सूर्यमंडल के भीतर माना जाता है। उनके तेज से दसों दिशाएं प्रकाशित होती हैं और समस्त सृष्टि में उनकी ऊर्जा व्याप्त मानी जाती है। विनय कुमार मिश्र ने कहा कि नवरात्र में श्रद्धालुओं को शांत, पवित्र और एकाग्र मन से मां की आराधना करनी चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां कूष्मांडा की उपासना से रोग-शोक दूर होते हैं तथा भक्तों को आयु, यश, बल और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

ज्ञानपुर। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत कार्रवाई तेज कर दी है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में विभाग की टीम ने केला राइपनिंग सेंटरों और मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के उल्लंघन की आशंका में आठ खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। अभियान के तहत केला पकाने वाले केंद्रों का निरीक्षण कर उचित रखरखाव के लिए सुधार नोटिस जारी किए गए। संचालकों को फलों को पकाने में प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी गई। विभाग ने बताया कि इससे निकलने वाली एसिटिलीन गैस स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। फलों को पकाने के लिए अनुमन्य तरीके से एथिलीन गैस के उपयोग की जानकारी भी दी गई। मिठाई विक्रेताओं को मिठाइयों पर उपभोग की अंतिम तिथि (यूज बाय डेट) अनिवार्य रूप से अंकित करने का निर्देश दिया गया। विभाग ने चेतावनी दी कि नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा सकती है। 14 अक्टूबर तक औराई, गोपीगंज, गोपीगंज मुख्य बाजार और नगर पालिका भदोही समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुट्टू आटा के दो, सिंघाड़ा आटा का एक, साबूदाना के दो, मूंगफली दाना का एक, सरसों तेल का एक और रिफाइंड सोयाबीन तेल का एक नमूना संग्रहित किया गया।

नशीले पाउडर के साथ एक गिरफ्तार, दो फरार

ज्ञानपुर। सुरियावां पुलिस ने बुधवार को बावन बीघा तालाब के पास से 11.04 ग्राम नशीले पाउडर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और 150 रुपये नकद बरामद किए। मामले में दो अन्य युवकों के फरार होने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर को उपनिरीक्षक मो. शकील खां पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर बावन बीघा तालाब के पास घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ा गया। उसकी पहचान शुभम गिरी (22) पुत्र विजय शंकर गिरी, निवासी इनार गांव, थाना कोईरौना, हाल पता ग्राम कुसौंडा, थाना सुरियावां के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत मुकदमा दर्ज कर मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया है। फरार युवकों की तलाश की जा रही हैं।

डबल इंजन सरकार में हो रहा चौमुखी विकास-रितेश

औराई विधानसभा में पत्रकार वार्ता कर गिनायी केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

ज्ञानपुर। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार में चौमुखी विकास हो रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच रहा है और



बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह बातें पूर्व सांसद राम निहोर राकेश के पुत्र पासी रितेश कुमार राकेश ने औराई विधानसभा क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठान में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार विकास कार्यों को गति देने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनता के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का प्रयास है कि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। रितेश कुमार राकेश ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना जरूरी है। बेहतर सड़कें, निर्बाध बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं आम लोगों की जरूरत हैं। सरकार इन क्षेत्रों में सुधार के साथ ही जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास की प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना भी आवश्यक है। इससे पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के साथ ही जनता की समस्याओं के समाधान को भी महत्वपूर्ण बताया। पत्रकार वार्ता के दौरान रितेश कुमार राकेश ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर अपने विचार रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत निकली जागरुकता रैली

डीएम ने जीआईसी गेट से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) के गेट से महिला जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में विद्यालय की छात्राओं, महिलाओं और विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को शासन की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं तथा महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं की जानकारी दी गई। रैली जीआईसी से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कॉलेज परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि शासन की ओर से महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और अन्य क्षेत्रों में सशक्त बनाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि महिलाओं, बालिकाओं और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए 181, 1098, 1076, 1090 और 112 सहित विभिन्न हेल्पलाइन सेवाएं उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। रैली में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी ममता, लिपिक राजकुमार सहित महिला विभाग की कर्मचारी, महिला पुलिसकर्मी और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



राम जन्म और ताड़का वध लीला का हुआ मंचन



गोपीगंज। नगर स्थित रामलीला मण्डल मन्दिर बाबा कबूतरनाथ में रामजन्म और ताड़का वध लीला का मंचन, दर्शकों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे। श्री रामलीला मंडल, मन्दिर बाबा कबूतरनाथ द्वारा आयोजित रामलीला में मंगलवार को श्रीराम जन्म और ताड़का वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा राजा दशरथ के महल में चारों पुत्रों के जन्मोत्सव का सजीव चित्रण किया गया, तो वहीं विश्वामित्र जी के साथ राम-लक्ष्मण के वन में प्रवेश और ताड़का वध के प्रसंग पर दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। रामजन्म के प्रसंग पर पूरे पंडाल में बधाई गीत गूंज उठे और ताड़का वध के दृश्य में कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

किट पाकर के तीरंदाजों के खिले चेहरे

ज्ञानपुर। भदोही के तीरंदाजों को जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विशंभर दयाल ने मंडल राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित एवं पदक अर्जित करने वाले आशुतोष पटवा वसुधा गुप्ता प्रखर यादव उत्कर्ष यादव सूर्य प्रताप गुप्ता गरिमा गुप्ता राधिका प्रीति पाल आर्यन देववंशी विराज भट्ट मान्या सिंह कंचन पाल खुशबू विश्वकर्मा गौरव अनिरुद्ध तिवारी अभिनव अर्श अवान आदि खिलाड़ियों को किट (टी शर्ट) प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी नियमित कीट में अभ्यास करेंगे तो अच्छा भी लगेगा और उनका उत्साहवर्धन भी होगा तथा अनुशासन की भावना विकसित होगी। इस अवसर पर जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव अशोक कुमार गुप्ता ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में जनपद को पदक देकर के गौरवान्वित करने वाले उन सभी खिलाडियों को समय- समय पर सम्मानित करने से उन्हे जीवन में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। खिलाड़ी कभी पदकों से संतुष्ट नहीं होता। इस अवसर पर आलोक कुमार गुप्ता अनुरोध सिंह राहुल राय शशांक शेखर तिवारी विवेक कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए।



मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत भदोही पुलिस की ओर से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में बुधवार को महिला थाना प्रभारी सीमा सिंह ने मिशन शक्ति टीम के साथ ज्ञानपुर थाना क्षेत्र स्थित इंद्रावती इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें 1090, 1098, 108, 1076 और 112 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

बड़े शिव मंदिर पर हुआ नाक्कटैया का मंचन

गोपीगंज। नगर की प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला के तहत बुधवार को बड़े शिव मंदिर परिसर में नाक कटैया प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। बघेल रामलीला समिति के नेतृत्व में आयोजित 17 दिवसीय रामलीला में रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला की तर्ज पर भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है। नाक कटैया की लीला देखने के लिए श्रद्धालुओं और नगरवासियों की भीड़ जुटी रही। मंचन के दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। लीला के दौरान कलाकारों ने पंचवटी में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इसी क्रम में रावण की बहन शूर्पणखा का आगमन हुआ। शूर्पणखा ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। इसके बाद लक्ष्मण और शूर्पणखा के बीच हुए संवाद तथा अंत में लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा की नाक काटे जाने के प्रसंग का सजीव मंचन किया गया।

उपभोक्ता आयोग के वसूली आदेश पर कारवाई नहीं, तहसीलदार से मांगा जवाब

ज्ञानपुर। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, भदोही के वसूली आदेश पर कार्रवाई नहीं होने का मामला सामने आया है। आयोग के अध्यक्ष एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार डे ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर लंबित वसूली की धनराशि जमा कराने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करने को कहा है। मामले में ऑल इंडिया कारपेट ट्रेड फेयर कमेटी से करीब 14.83 लाख रुपये की वसूली की जानी है। आयोग की ओर से भेजे गए पत्र के अनुसार, अवमानना वाद संख्या 19/2009, मेसर्स जायसवाल ब्रदर्स बनाम दि प्रेसीडेंट ऑल इंडिया कारपेट ट्रेड फेयर कमेटी के मामले में वसूली अधिपत्र संख्या 43, पांच दिसंबर 2024 को जारी किया गया था। इसके तहत विपक्षी की चल अथवा अचल संपत्ति से निर्णीत धनराशि भू-राजस्व की तरह वसूल कर आयोग में जमा कराने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद निर्धारित धनराशि जमा नहीं कराई गई। पत्र में बताया गया है कि तहसीलदार भदोही को कई बार पत्र भेजे गए। जिलाधिकारी को भी इस संबंध में अवगत कराया गया, लेकिन आयोग को न तो वसूली की धनराशि मिली और न ही कार्रवाई से संबंधित आख्या प्रस्तुत की गई। इससे लंबित निष्पादन वाद की सुनवाई प्रभावित होने की बात कही गई है। आयोग के अध्यक्ष ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 71 और 72 का उल्लेख करते हुए कहा कि आयोग के आदेशों के प्रवर्तन के लिए कानून में स्पष्ट व्यवस्था है। धारा 71 के तहत आयोग के आदेश को न्यायालय की डिक्री की तरह लागू किया जा सकता है, जबकि धारा 72 में आदेश का अनुपालन नहीं करने पर दंड का प्रावधान है।

ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में लापरवाही और फर्जीवाड़े का आरोप

गोपीगंज। डीघ ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुजातपुर व धनापुर के ग्रामीणों ने वर्तमान ग्राम प्रधान के खिलाफ विकास कार्यों में लापरवाही और सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने प्रधान के कार्यकाल में कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने और गांव की मूलभूत समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान ग्राम प्रधान पास वर्ष 2000 से 2015 तक लगातार तीन पंचवर्षीय कार्यकाल में भी प्रधान पद रहा। उनका दावा है कि पिछले दो से ढाई दशक के दौरान सरकारी योजनाओं के तहत आवंटित धनराशि का समुचित उपयोग नहीं किया गया और कई कार्यों को कागजों पर ही पूरा दिखाए जाने की आशंका है। ग्रामीणों ने गांव की बदहाल स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि मुख्य रास्तों पर गंदा पानी जमा रहता है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। वहीं, स्ट्रीट लाइटें नहीं जलने से रात में गांव की सड़कों पर अंधेरा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। शिकायत में सरकारी योजनाओं के लाभ वितरण पर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पात्र लोगों को आवास, शौचालय और पेंशन जैसी सुविधाएं नहीं मिल सकीं, जबकि अपात्रों के नाम पर कागजी कार्रवाई किए जाने की शिकायत है। ग्रामीणों के मुताबिक, जिला पंचायत की ओर से बनाई गई काली सड़क को करीब एक वर्ष पहले तोड़ दिया गया था। उस स्थान पर इंटरलॉकिंग कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हुआ।

मंदिरों में श्रद्धालुओं की रही भीड़

गोपीगंज। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा के चरणों में शीश नवाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। फूल-माला, नारियल, चुनरी और प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि तथा परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। नगर से लेकर गांवों तक देवी भक्ति का माहौल बना रहा। गोपीगंज नगर के सदर मोहाल स्थित मां दुर्गा मंदिर, पश्चिम मोहाल के चौरा माता मंदिर, पसियान मोहाल स्थित मां बम्बा देवी मंदिर, काली देवी महाल के मां काली मंदिर और ज्ञानपुर रोड स्थित शीतला देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इसके अलावा जगन्नाथपुर, गोपपुर, लालानगर, सारीपुर, धनापुर, सुजातपुर, सीखापुर और कौलापुर सहित विभिन्न गांवों के देवी मंदिरों में भी भक्तों ने मत्था टेककर पूजा-अर्चना की।

सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, श्रद्धालु परेशान

गोपीगंज। नगर के वार्ड नंबर नौ और दस में एक लॉन के बगल से गुजरने वाली नाली का गंदा पानी काफी समय से सड़क पर बह रहा है। इससे राहगीरों के साथ ही चौरा माता मंदिर और प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। नवरात्र, दुर्गा पूजा, विजयादशमी और भरत मिलाप जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क पर बहता नाली का गंदा पानी लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं कराया गया है।

पासी-पासवान शौर्य सम्मान यात्रा का भव्य स्वागत

ज्ञानपुर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी के नेतृत्व में 14 अक्टूबर को प्रयागराज से निकाली गई पासी-पासवान शौर्य सम्मान यात्रा का भदोही पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिले की सीमा पर यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद अभोली, भरतपुर और नवाजीपुर में पासी समाज के लोगों ने यात्रा का अभिनंदन किया। इस दौरान सामाजिक एकता, ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण और समाज में शिक्षा के प्रसार का संदेश दिया गया। कमल तिवारी ने कहा कि यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में खासा उत्साह है। इसका उद्देश्य पासी-पासवान समाज को उसके गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के साथ ही सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि यात्रा प्रदेश के लगभग 75 जिलों तक पहुंचेगी। प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी ने समाज के लोगों से अशिक्षा और नशे जैसी कुरीतियों को दूर करने तथा बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए एकजुटता जरूरी है। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे, प्रदेश महासचिव आशुतोष सिंह गहरवार और जितेंद्र पासी, प्रदेश सचिव अवनीश तिवारी और रामविलास पासी, मिर्जापुर मंडल अध्यक्ष विजय राय, भदोही



जिलाध्यक्ष राम अवध मिश्रा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष विजय पासी, गोविंद पासवान, राहुल तिवारी, संतोष दुबे, अक्षय पासवान, अनिल पासी, अभिनव तिवारी, योगेश पांडेय, अमित मिश्रा, संतोष सरोज, धीरज चौबे, प्रद्युम्न तिवारी और अमित शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के बताये उपाय

ज्ञानपुर। साइबर अपराधों की रोकथाम और विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को ज्ञान भारती इंटरमीडिएट कॉलेज, ज्ञानपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर सेल एवं थाना साइबर क्राइम भदोही की टीम ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में साइबर सेल टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से साइबर ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिजन यादव और नोडल शिक्षक संकुल, न्याय पंचायत कांवल डॉ. प्रभात रंजन अम्बष्ट उपस्थित रहे।

महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 को प्रभावी बनाने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन ज्ञानपुर स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिसकर्मियों समेत विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं की 42 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आयोजित बैठक में महिला सेल, महिला थाना, विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों के साथ ही जिले के सभी थानों के मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।